## ब्रीफ न्यूज

### विजयादशमी पर सिंदूरमयी उत्सव महिलाओं ने खेली परंपरागत सिंदूर होली



**गयाजी (रासासं) :** बाईपास घुघरीताड़ स्थित बजरंग क्लब में विजयादशमी के अवसर पर बड़े ही उत्साह और धूमधाम के साथ मां दुर्गा की पूजा-अर्चना की गई। इस अवसर पर क्लब के सदस्य एवं स्थानीय लोग भारी संख्या में उपस्थित रहे। परंपरा के अनुसार नवरात्र में मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की जाती है और विजयादशमी के दिन खोईंचा देकर प्रतिमा का विसर्जन किया जाता है। विदाई से पूर्व महिलाओं द्वारा परंपरागत सिंदूर खेला का आयोजन किया गया। मां की आरती के बाद महिलाओं ने पहले मां दुर्गा को सिंदूर अर्पित किया और फिर एक-दूसरे के साथ सिंदूर की होली खेली। पूरे पंडाल का वातावरण सिंदूरमयी हो उठा और उत्साह एवं आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला। यह परंपरा महिलाओं के सुहाग की लंबी आयु, सुख-समृद्धि और वैवाहिक जीवन की रक्षा का प्रतीक मानी जाती है।वार्ड संख्या 45 की पूर्व पार्षद सह समाजसेवी स्वीटी कुमारी ने बताया कि सिंदूर खेला महिलाओं के बीच विशेष महत्व रखता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह फागुन की रंगों वाली होली नहीं, बल्कि विजयादशमी के अवसर पर आयोजित परंपरागत अनुष्ठान है, जिसमें केवल विवाहित महिलाएं शामिल होती हैं। सिंदूर खेला के दौरान पूरा माहौल भक्ति, श्रद्धा और उल्लास से सराबोर हो गया। जैसे ही महिलाएं एक-दूसरे को सिंदूर लगातीं, जय माता दी के उद्घोष से वातावरण गूंज उठता। मान्यता है कि इस अनुष्ठान से दांपत्य जीवन में सुख-शांति बनी रहती है और पति की आयु लंबी होती है। विजयादशमी के पावन अवसर पर घुघरीताड़ का यह सिंदूरमयी उत्सव परंपरा और आस्था का अनुपम प्रतीक बन गया।

### विजयादशमी पर अग्रवाल संघ का पुण्य कार्य : सेवा शिविर में मिला निशुल्क प्रसाद व खाद्य सामग्री



**गयाजी (रासासं) :** शहर के गोसाई बाग स्थित दुर्गा पूजा एवं विजयादशमी के अवसर पर नारनौलिया अग्रवाल संघ सेवा शिविर द्वारा निशुल्क जल, चाय, बिस्किट, ड्राई फ्रूट, हलवा आदि सामग्री का वितरण किया गया। मौके पर शिव अग्रवाल ने बताया कि विश्व प्रसिद्ध पितृपक्ष मेला में 15 दिनों तक निशुल्क सेवा करने के बाद संघ द्वारा दुर्गा पूजा में भी यह सेवा कार्य किया जा रहा है। इस सराहनीय कार्य की प्रशंसा गया जिला पदाधिकारी द्वारा भी की गई थी।राजू अग्रवाल ने कहा कि हाल ही में पिंडदान के समय भी संघ ने सेवाभाव से योगदान दिया था, जिसके लिए जिलाधिकारी ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। वहीं वार्ड नंबर 17 के पार्षद प्रतिनिधि अमर यादव ने बताया कि अग्रवाल संघ हर त्योहार पर सेवा कार्य में सक्रिय रूप से भाग लेता है। उन्होंने जनता से अपील की कि ऐसे कार्यों से प्रेरणा लेकर समाजसेवा में योगदान दें। इस अवसर पर प्रकाश चंद्र अग्रवाल, शिव अग्रवाल, पुरुषोत्तम अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, गोविंद अग्रवाल, राजू अग्रवाल, कान्हा अग्रवाल,हर्ष अग्रवाल,सत्येंद्र अग्रवाल, डब्लू अग्रवाल, अनूप अग्रवाल, महिला संगठन से अंजू अग्रवाल, सीमा अग्रवाल, मंजू अग्रवाल, नीतू अग्रवाल,राधिका कुमारी, तानिया अग्रवाल, संगीता अग्रवाल, प्रमिला अग्रवाल, संजू अग्रवाल, सुनीता अग्रवाल, सुप्रिया अग्रवाल सहित अग्रवाल परिवार उपस्थित रहे।

### रेलवे सुरक्षा बल ने ड्रोन कैमरों से बढ़ाई निगरानी, अपराधियों में दहशत



**गयाजी (रासासं) :** रेलवे सुरक्षा बल/पोस्ट/गया के निरीक्षक प्रभारी बनारसी यादव के नेतृत्व में उप निरीक्षक जावेद इकबाल, सहायक आर.के. सिंह, मुकेश कुमार, शशिशेखर, विकास कुमार एवं आलोक कुमार सक्सेना द्वारा रे.सु.ब. पोस्ट गया के क्षेत्राधिकार अंतर्गत सेक्टर-7, सेक्टर-8, पंचायती अखाड़ा तथा फाल्गु ब्रिज के पास ड्रोन कैमरों के माध्यम से निगरानी अभियान चलाया जा रहा है। इस आधुनिक तकनीक से कई उत्साहजनक परिणाम सामने आए हैं। ड्रोन कैमरे से प्लेटफॉर्म, रेलवे ट्रैक, यार्ड और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों की एक साथ निगरानी आसान हो गई है। कंट्रोल रूम तक लाइव फुटेज पहुंचने से संदिग्ध गतिविधियों पर तुरंत कार्रवाई संभव हो रही है।ड्रोन कैमरों की मौजूदगी अपराधियों में भय उत्पन्न करती है, जिससे चोरी, टिकट ब्लैकिंग, लूटपाट और अवैध गतिविधियों पर रोकथाम हो रही है। साथ ही, भीड़ प्रबंधन और आपात स्थिति में तुरंत प्रतिक्रिया देकर सुरक्षा बल स्थिति पर नियंत्रण पा रहे हैं। इससे न केवल मानव संसाधन की बचत हो रही है बल्कि अपराधियों की गतिविधियों की रिकॉर्डिंग से जांच और अभियोजन की प्रक्रिया भी मजबूत हो रही है।

# दुर्गाबाड़ी पूजा समिति का 'सिंदूर खेला'

## बंगाली समाज की महिलाओं ने मनाया उत्सव

राष्ट्रीय सागर संवाददाता



**गयाजी :** दुर्गाबाड़ी पूजा समिति की तरफ से आयोजित कार्यक्रम में मां दुर्गा की विदाई भावुक माहौल में हुई। इस अवसर पर बंगाली समाज की महिलाओं ने पारंपरिक 'सिंदूर खेला' कार्यक्रम के जरिए मां को विदा किया।

सुहागिन महिलाओं ने मां दुर्गा के चरणों और माथे पर सिंदूर चढ़ाया, फिर एक-दूसरे की मांग सजाई और चेहरे पर भी सिंदूर लगाकर खुशियां मनाईं। पूरी तरह से पारंपरिक भारतीय परिधान में महिलाएं भक्ति और आनंद में सराबोर दिखीं।

इस मौके पर समिति की पदाधिकारी सुजाता चक्रवर्ती ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस बार भी दुर्गाबाड़ी पूजा समिति की ओर से भव्य प्रतिमा स्थापित की गई थी। षष्ठी से मां की पूजा शुरू हुई और फिर सप्तमी, अष्टमी और नवमी पर पूरे विधि-विधान और बंगाली परंपरा के साथ विशेष अनुष्ठान किए गए।

दशमी को मां की विदाई हुई और इसी दौरान सिंदूर खेला आयोजित किया गया। उन्होंने कहा कि हम सब मां से यही प्रार्थना करते हैं कि वह अपने बच्चों की झोली खुशियों से भर दें। मां हमें हर संकट से उबारें और शक्ति व समृद्धि प्रदान करें। विसर्जन के साथ ही सभी श्रद्धालु अगले वर्ष मां के फिर से आगमन की प्रतीक्षा में डूब गए।

गौरतलब है कि गयाजी की दुर्गाबाड़ी पूजा समिति का यह आयोजन शहर के प्रमुख धार्मिक आयोजनों में से एक माना जाता है। यहां न सिर्फ बंगाली समाज बल्कि स्थानीय लोग भी बड़ी संख्या में जुटते हैं। खासकर दशमी के दिन होने वाला सिंदूर खेला अब गयाजी की सांस्कृतिक पहचान बन चुका है। महिलाएं मानती हैं कि यह उत्सव वैवाहिक जीवन की खुशहाली और परिवार की समृद्धि का प्रतीक है।

मां दुर्गा की विदाई के साथ पूरे पंडाल में भावुकता और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला। श्रद्धालुओं की आंखें नम थीं, लेकिन मन में विश्वास था कि अगले साल मां फिर से अपने भक्तों को आशीर्वाद देने आएंगी।

## गया जिला स्थापना दिवस पर वॉक फॉर गया, मतदाता जागरूकता अभियान और रक्तदान शिविर का आयोजन

राष्ट्रीय सागर संवाददाता

**गयाजी :** गया जिला के 161वें स्थापना दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन द्वारा वॉक फॉर गया का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में स्कूली छात्र-छात्राओं के साथ बड़ी संख्या में पदाधिकारी, नागरिक, मीडिया प्रतिनिधि, स्वतंत्रता सेनानी, युवा, शिक्षकगण, बुद्धिजीवी वर्ग एवं जनप्रतिनिधियों ने हिस्सा लेकर स्थापना दिवस का स्वागत किया। सहायक निदेशक, अल्पसंख्यक कल्याण राहुल कुमार, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी दीपक चंद्र देव, डीपीओ आईसीडीएस एवं जिला कला संस्कृति पदाधिकारी सहित अन्य पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर वॉक को टावर चौक से गांधी मैदान के लिए रवाना किया।कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं को उत्साहित किया गया और जिलेवासियों को स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी गईं। अधिकारियों ने अपील की कि गया जिले की ऐतिहासिक, आध्यात्मिक और गौरवशाली सभ्यता एवं संस्कृति को अक्षुण्ण रखते हुए वर्तमान को और विकसित करने में सभी सहयोग करें। इसी क्रम में आगामी बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 को ध्यान में रखते हुए मतदाता जागरूकता अभियान भी चलाया गया, जिसके तहत मतदाताओं को मतदान के महत्व की जानकारी दी गई और नारे दिलवाते हुए शपथ भी दिलाई गई। स्थापना दिवस समारोह के उपरांत गया रेड क्रॉस में रक्तदान शिविर का आयोजन कर जिलेवासियों को सामाजिक सरोकार से भी जोड़ा गया।

## 16 साल बाद अहिल्याबाई मोड़ पर दुर्गा पूजा पंडाल का पुनर्निर्माण

राष्ट्रीय सागर संवाददाता

**गयाजी :** शहर के अहिल्याबाई मोड़ (चांदचौरा) में इस वर्ष दुर्गा पूजा का आयोजन विशेष उत्साह और भव्यता के साथ किया गया। लंबे समय से बंद पड़ा यह पंडाल 16 साल बाद एक बार फिर माता रानी की भक्ति और श्रद्धा का केंद्र बना। जानकारी के अनुसार वर्ष 2008 के बाद इस पूजा का आयोजन बंद हो गया था।भाजपा नेता गोपीनाथ ने बताया कि वर्षों से स्थानीय लोगों की इच्छा थी कि पुनः इस पंडाल का निर्माण हो और माता रानी की प्रतिमा विराजमान की जाए। इस बार पीयूष कुमार सिन्हा, सोनू कुमार, गोपीनाथ, रवि कुमार, रवि कुमार उर्फ कारू, अजय कुमार, (लाइट) सोनू, तन्मय मिश्रा, रवि मालाकार, नितिन सिन्हा, नवीन सिन्हा सहित अन्य



श्रद्धालुओं के अथक प्रयास और सहयोग से भव्य पंडाल का निर्माण किया गया।पंडाल में माता रानी की स्थापना होते ही पूरे क्षेत्र में हर्ष और उल्लास का माहौल देखने को मिला। श्रद्धालुओं ने मंत्रोच्चार और भजन-कीर्तन के बीच माता रानी की पूजा-अर्चना की। स्थानीय लोगों का कहना है कि इतने वर्षों बाद पंडाल का पुनर्निर्माण होना उनके लिए गौरव और आस्था का विषय है। इससे न केवल धार्मिक माहौल सजीव हुआ है, बल्कि सामाजिक एकता और आपसी भाईचारे का संदेश भी प्रसारित हुआ है।

### कन्या पूजन के साथ नवरात्र का समापन

**मानपुर (रासासं) :** शारदीय नवरात्र के नवें दिन बुधवार को देवी सिद्धिदात्री की विधिवत पूजा अर्चना की गई। इस अवसर पर घरों एवं पूजा पंडालों में हवन के साथ नवरात्र का समापन हुआ। मानपुर के तेलीटोला में शंकर प्रसाद गुप्ता, गीता देवी, गौतम कुमार, संजना कुमारी, शंकर साव, पूजा कुमारी, पुष्कर राज, गौरव कुमार, मीना देवी और हंसिका रानी ने श्रद्धा भाव से कन्या पूजन संपन्न किया। परंपरा के अनुसार कन्याओं के चरण पखारकर उनके मस्तक पर रोली-चावल का तिलक लगाया गया और हाथों में कलावा (मौली) बांधी गई। इसके बाद पुष्प अर्पण कर चुनरी ओढ़ाई गई। कन्याओं को पूड़ी, हलवा और चने का प्रसाद खिलाकर आशीर्वाद लिया गया। धार्मिक आस्था और उल्लास से सम्पन्न इस आयोजन ने भक्तों को आध्यात्मिक शांति और ऊर्जा का अनुभव कराया।

## प्रखंड प्रमुख ने 40 लाख रुपए की लागत से बना कार्य का किया उद्घाटन

राष्ट्रीय सागर संवाददाता

**कोंच :** कोंच प्रखंड के विभिन्न पंचायत में प्रखंड प्रमुख मनी देवी द्वारा लगभग 40 लाख रुपए की लागत से हुआ कई योजनाओं का उद्घाटन किया।इस दौरान टिकारी विधानसभा से लोजपा के प्रत्याशी रहे कमलेश शर्मा भी मौजूद थे इस दौरान गया के प्रसिद्ध डॉक्टर नीरज कुमार द्वारा प्रखंड प्रमुख को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। जानकारी के अनुसार प्रखंड प्रमुख मनी देवी ने शारदीय नवरात्र के अंतिम दिन प्रखंड के कुरमामा पंचायत अंतर्गत चैनपुर गांव पहुंचे जहाँ देवी स्थान के समीप 317000 की लागत से बने छायादार चबूतरा को ग्रामीणों को सुपुर्द किया गया। उसके उपरांत प्रखंड प्रमुख ने अदई पंचायत के बैकटपुर गांव मे 554000 की लागत से बना ढक्कन सहित नाली का उद्घाटन किया, वही उसके बाद गोरकटी गांव के वार्ड नंबर 5 में 555000 की लागत से बना चबूतरा और नाली सहित ढक्कन का उद्घाटन किया गया। इसके बाद बाली गांव में 994 हजार रुपए की लागत से बना पीसिसी पथ का उद्घाटन कर बाली मठिया जाने वाली रास्ते में पिसीसी पथ का उद्घाटन किया जिसका लागत 9 96000 बताया जा रहा है। इसी तरह कुल 40 लाख रुपए से बना योजना का प्रखंड प्रमुख द्वारा उद्घाटन किया गया इस दौरान डाक्टर नीरज कुमार ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रखंड प्रमुख फंड द्वारा अपने जीवन काल में इतनी सारी योजना को गांव में नही आते देखा है ,अब बच्चों को शिक्षा को और भी धयान देने की जरूरत है ताकि गांव का भविष्य को और बेहतर हो सके। वही लोजपा के पूर्व प्रत्याशी कमलेश शर्मा जैसे ही अपनी मां प्रमुख मनी देवी के साथ क्षेत्र में गए वैसे ही ग्रामीणों के द्वारा कमलेश बाबू जिंदाबाद की नारा लगाया गया और क्षेत्रीय विधायक प्रत्याशी के रूप में आने के लिए लोगों के द्वारा कहा गया। प्रखंड प्रमुख मनी देवी के अलावा लोजपा से टिकारी से विधानसभा के प्रत्याशी रहे कमलेश शर्मा गया के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉक्टर नीरज कुमार , कुरवामा के मुखिया उमेश शर्मा बुलबुल सिंह सत्येंद्र शर्मा लोजपा प्रखंड अध्यक्ष गिरजेश उर्फ बबलू शर्मा, पवन सिंह , राघवेंद्र शर्मा छात्र जिला उपाध्यक्ष नीतीश कुमार , मुन्ना कुमार रंजीत कुमार , संतोष कुमार , सुबोध कुमार,वीरेंद्र कुमार सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

### आदर्श मध्य विद्यालय इमामगंज में हुई चोरी

**इमामगंज (रासासं) :** प्रखंड मुख्यालय स्थित आदर्श मध्य विद्यालय इमामगंज में चोरों ने ताला तोड़कर रजिस्टर और प्रमुख दस्तावेज पंजी की चोरी की घटना को अंजाम दिया है। इस संबंध विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापिका सुमित्रा कुमारी ने बतायी कि दुर्गा पूजा को लेकर 28 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक विद्यालय बंद था। जब मैं 2 अक्टूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती मानने के लिए विद्यालय पहुंची तो ऑफिस का कुंडी टूटा हुआ है। इसके बाद कार्यालय के अंदर गई तो देखा कि गोदरेज और बक्से का भी ताला टूटा हुआ है।

## दशहरा की शुभकामनाओं संग बिहार विधानसभा चुनाव की तैयारी शुरू

भाजपा किसान मोर्चा बैठक

राष्ट्रीय सागर संवाददाता



**गयाजी :** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा कार्यालय में बागवानी प्रकोष्ठ के सह संयोजक डॉक्टर मनीष पंकज मिश्रा, गया जिला पश्चिमी के जिला अध्यक्ष प्रेम प्रकाश चिंटू सिंह, अति पिछड़ा आयोग के सदस्य अमित कुमार दांगी, पंचायती राज प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक संजू साव, प्रदेश कार्य समिति सदस्य संतोष सिंह, संतोष ठाकुर, जिला उपाध्यक्ष रणजीत सिंह, राजेश सिंह एवं भाजपा नेता राणा रणजीत सिंह उपस्थित रहे।बैठक में दशहरा पर्व के शांतिपूर्ण संपन्न होने पर जिला प्रशासन को बधाई दी गई और सभी कार्यकताओं ने हार्दिक शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर आगामी बिहार विधानसभा चुनाव 2025 को लेकर सभी कार्यकर्ताओं से गिला-शिकवा भूलकर एनडीए की सभी सीटों पर जीत सुनिश्चित करने का आह्वान किया गया।नेताओं ने कहा कि कार्यकर्ता घर-घर जाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुँचाएँ और केंद्र एवं राज्य सरकार की लाभकारी योजनाओं की जानकारी दें। डॉक्टर मनीष पंकज मिश्रा ने कहा कि किसानों, महिलाओं, वृद्धजनों और युवाओं के हित में चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं को लेकर व्यापक जनजागरण अभियान चलाया जाएगा। साथ ही बिहार में 2005 से पहले की सरकार और उसके बाद के विकास कार्यों की तुलना जनता के सामने रखी जाएगी।


**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 (2) Cr. P.C./ 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 देखें

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **सिनोद पासवान** पुत्र रामदेव पासवान, गाँव झालपुर, थाना लालगंज, जिला– वैशाली, बिहार ने **FIR.No. 767/2022 dt. 22.12.2022 U/s 3/4/5 Delhi Public Gambling Act.,** के अंतर्गत थानाः **जैतपुर,** दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **सिनोद पासवान** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **सिनोद पासवान** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR.No. 767/2022 dt. 22.12.2022 U/s 3/4/5 Delhi Public Gambling Act.,** थानाः **जैतपुर,** दिल्ली के उक्त अभियुक्त **सिनोद पासवान** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **05.12.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**

छवि बंसल, JMFC-11, (SE)

DP/12361/SE/2025 कमरा नंबर 09, मेन बिल्डिंग, साकेत कोर्ट, नई दिल्ली


## गांधी-शास्त्री और प्रजापति मिश्र की जयंती पर सामूहिक समारोह

राष्ट्रीय सागर संवाददाता



**गयाजी :** महात्मा गांधी, पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री और प्रजापति मिश्र जी की जयंती समारोह का सामूहिक आयोजन गुरुवार को बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ किया गया। यह आयोजन कांग्रेस सेवादल के जिला अध्यक्ष अमित सिंह उर्फ रिंकू सिंह की अध्यक्षता में सेवादल कार्यालय के समीप महात्मा गांधी स्थल प्रांगण सभागार में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत महान नेताओं के चित्र पर माल्यार्पण कर की गई। उपस्थित वक्ताओं ने गांधी जी के सत्य और अहिंसा पर आधारित विचारों, शास्त्री जी की सादगी एवं ह्लजय जवान, जय किसानह्व के नारे के महत्व और प्रजापति मिश्र जी के समाज सुधार में किए गए योगदान को विस्तार से याद किया। वक्ताओं ने कहा कि आज के समय में इन महापुरुषों के विचारों को आत्मसात करना ही सच्ची श्रद्धांजलि है। जयंती समारोह के उपरांत मिष्ठान प्रसाद वितरण का कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें उपस्थित लोगों ने एक-दूसरे को बधाई दी।


**शिवालिक स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड**

**पंजीकृत कार्यालयः 501, सैलकॉन ऑरम, जसोला जिला केन्द्र, नई दिल्ली- 110025 सीआईएनः CIN: U65900DL2020PLC366027**

**नीलामी की तिथि 14-10-2025, सुबह 11:00 बजे**

शिवालिक स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड के निम्नलिखित उधारकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि बैंक द्वारा जारी व्यक्तिगत सूचनाओं सहित विभिन्न मांगों और सूचनाओं के बावजूद, उनके द्वारा बैंक से लिए गए स्वर्ण ऋण का समायोजन नहीं किया गया है। सभी उधारकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि बैंक के पास जमानत के रूप में रखे गए स्वर्ण रत्नों की नीलामी करने का निर्णय लिया गया है और तदनुसार, उस शाखा परिसर में, जहाँ से ऋण लिया गया था, सुबह 11:00 बजे समय निर्धारित किया गया है। उधारकर्ताओं, खाताधारकों और आम जनता सहित सभी लोग नीलामी की शर्तों के अनुसार इस नीलामी में भाग ले सकते हैं।

| क्रमांक | शाखा | खाता संख्या | कार्यकर्ता का नाम |
|---|---|---|---|
| 1 | इंदिरापुरम | 101942520536 | आशुतोष कुमार |
| 2 | इंदिरापुरम | 101942521297 | कुमार अनुपम |
| 3 | इंदिरापुरम | 101942521380 | संतोष तिवारी |

**बैंक बिना किसी पूर्व सूचना के किसी भी खाते को नीलामी से हटाने या नीलामी रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।**

प्राधिकृत अधिकारी, शिवालिक स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड


# संपत्ति विवाद को लेकर युवक की गोली मारकर हत्या, आरोपी ने किया आत्मसमर्पण

राष्ट्रीय सागर संवाददाता



**शेरघाटी :** विजयादशमी की देर शाम शेरघाटी शहर नया बाजार मोहल्ले में उस समय सनसनी फैल गई जब एक युवक की चचेरे भाई ने गोली मारकर हत्या कर दी। वारदात शेरघाटी थाना से महज सौ मीटर की दूरी पर हुई। मृतक की पहचान नया बाजार निवासी 34 वर्षीय दीपक कुमार गुप्ता के रूप में हुई है।

जानकारी के अनुसार आरोपी राजेश कुमार गुप्ता ने दीपक को अपने घर पर बुलाया था, जहां शराब पार्टी के दौरान दोनों के बीच कहासुनी हो गई। विवाद बढ़ने पर राजेश ने अचानक पिस्टल से दीपक पर चार राउंड फायरिंग की। तीन गोलियां दीपक को लगीं और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद आरोपी सीधे थाने पहुंचा और पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया।

गोलीबारी की आवाज से मोहल्ले में अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर पहुंची शेरघाटी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए पोस्टमार्टम के लिए गया मगध मेडिकल कॉलेज भेज दिया।

शेरघाटी एएसपी शैलेंद्र सिंह ने घटनास्थल का निरीक्षण कर बताया कि पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मौके से हत्या में प्रयुक्त पिस्टल, पांच खोखा और एक जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं। प्रारंभिक जांच में संपत्ति विवाद को हत्या का मुख्य कारण माना जा रहा है। एफएसएल टीम और स्कॉर्ट डॉग की मदद से मामले की गहन जांच की जा रही है।


**पूर्व मध्य रेल**

**ई–खुली निविदा सूचना**

**ई–खुली निविदा संख्या :-ईसीआर–एसएनटी–ओटी–2159–2025–26**

मुहरबंद निविदाएं भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य निष्पादन हेतु आमंत्रित किया जाता है I, **क्र.सं. (i) विवरणः कार्य का नाम एवं स्थान और कार्य पूर्ण करने की अवधि : टिपण्णी**–पूर्व मध्य रेल के सोनपुर मंडल में बेगूसराय (बीजीएस को छोड़कर) से कटिहार (केआईआर को छोड़कर) खंड (161 किमी) में स्वचालित ब्लॉक सिग्नलिंग का डिजाइन निर्माण, आपूर्ति, स्थापना परीक्षण और कमीशनिंग। **मंडल :** सोनपुर, पूर्णता अवधि 24 महीने। **(ii) अनुमानित लागत : रूपये** 265,97,08,403.01 (दो सौ पैंसठ करोड़ सन्तानवे लाख आठ हजार चार सौ तीन रूपये और एक पैसे मात्र) **(iii) अग्रधन जो जमा करना है :** एक करोड़ **(iv) निविदा फार्म जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय खोलने की तिथि एवं समय :** 30.10.2025 अपराह्न 14.00 तक एवं 30.10.2025 अपराह्न 14.30 बजे I, **(v) वेबसाईट एवं सूचना पट्ट का विवरण जहाँ से निविदा का पूर्ण विवरण देखा जा सके :** **www.ireps.gov.in,** प्रमुख मुख्य सिगनल एवं दूरसंचार अभियंता/पूर्व मध्य रेल/हाजीपुर का कार्यालय सूचना पट्ट एवं उप –मुख्य सिगनल एवं दूरसंचार अभियंता (कार्य)/पूर्व मध्य रेल, हाजीपुर के कार्यालय सूचना पट पर देखा जा सकता है।

**उप मुख्य सिगनल एवं दूरसंचार अभियंता (कार्य)/ पूर्व मध्य रेल/हाजीपुर**

पीआर/1074/एचक्यू/एस एण्ड टी/टी/25-26/40



**पूर्व रेलवे**

खुली ई-निविदा सूचना सं. सिग_डब्ल्यू_5_पॉलिसी; दिनांक 26.09.2025; वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, पूर्व रेलवे, मालदा, मालदा टाउन कार्यालय भवन, डाकघर-झलझलिया, जिला-मालदा, पिन-732102 (प.बं.) द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए खुली ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: क्रमांक (1) ई-निविदा सं.: एमएलडीटी_एसएनटी_25-26_39_ओटी, दिनांक 26.09.2025 ; कार्य का नामः विश्वसनीयता में सुधार के लिए न्यू फरक्का जंक्शन (एनएफके) में संबंधित उपकरण को ड्यूअल डिटेक्शन बनाने के लिए एमएसडीएसी द्वारा द्वितीय डिटेक्शन के प्रावधान के संबंध में एस एंड टी कार्य। निविदा मूल्यः रु. 3,16,42,218.30। बयाना राशिः रु. 3,08,200। क्रमांक (2) ई-निविदा सं.: एमएलडीटी_एसएनटी_25-26_40_ओटी, दिनांक 26.09.2025 ; कार्य का नामः विश्वसनीयता में सुधार के लिए साहिबगंज में संबंधित उपकरण को ड्यूअल डिटेक्शन बनाने के लिए एमएसडीएसी द्वारा द्वितीय डिटेक्शन का प्रावधान। निविदा मूल्यः रु. 3,30,67,736। बयाना राशिः रु. 3,15,300। क्रमांक (3) ई-निविदा सं.: एमएलडीटी_एसएनटी_25-26_41_ओटी, दिनांक 26.09.2025; कार्य का नामः मालदा मंडल के तहत एस एंड टी गीयरों के लिए विद्युत आपूर्ति की विश्वसनीयता में सुधार के लिए पुराने संस्करण के आईपीएस के प्रतिस्थापना का प्रावधान। निविदा मूल्यः रु. 3,35,94,745.10। बयाना राशिः रु. 3,18,000। ई-निविदा जमा करने की तारीख एवं समयः प्रत्येक के लिए 03.10.2025 से 17.10.2025 को पूर्वाह्न 11.00 बजे तक। वेबसाइट विवरण एवं सूचना पट्टः वेबसाइट www.ireps.gov.in सूचना पट्टः सीनियर डीएसटीई कार्यालय, डीआरएम बिल्डिंग, मालदा।

(MLD-187/2025-26)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**भवन निर्माण विभाग**

बिहार सरकार

विद्युत कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
विद्युत भवन प्रमंडल संख्या–03, पटना।
अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–60 वर्ष–2025–26

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता : विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत भवन प्रमंडल संख्या–3 पटना, भवन निर्माण विभाग।
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की अंतिम तिथि : 29.10.2025 3:00 बजे अपराहन तक ।
3. निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : 30.10.2025 3:00 बजे अपराहन तक ।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : 30.10.2025 (3:30 बजे अपराहन)
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : विद्युत कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, विद्युत भवन प्रमंडल संख्या–3, भ0 नि0 वि0, पटना/सहायक विद्युत, अभियंता, विद्युत भवन अवर प्रमंडल गर्दनीबाग/ विद्युत अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, विद्युत भवन अंचल, पटना।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : क्रमांक 5 के अनुरूप।

| क्रम सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि लाख में | अग्रधन की राशि 2% | परिमाण विपत्र का मुल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Renovation of E/W & E/I in meeting Hall & one room of RCD at 1st floor of Vishweshwaraiya Bhawan, Patna. | 10,06,504.00 | 20,200.00 | 1250.00 | 15 Days |
| 2. | Renovation with addition & alteration to E.I. in Room No -119 (B) Secretary Chamber, Cell & Anti Room of Gramin Vikash Vibhag at Old Sectt., Patna. | 8,82,899.00 | 17,700.00 | 1250.00 | 15 Days |

विस्तृत जानकारी वेबसाइट state.bihar.gov.in/prdbihar.gov.in पर देखा जा सकता है।

विद्युत कार्यपालक अभियंता,
विद्युत भवन प्रमंडल सं0–3, पटना

PR- 016435 (BCD) 2025-26

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार